रेलवे ट्रैक के पास अज्ञात अधेड़ का शव मिला

ट्रेन की चपेट में आने की आशंका

फाफामऊ (प्रयागराज)। रंगपुरा गंगा घाट के पास बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मचारियों ने शव देखकर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी छोटक यादव ने बताया कि बुधवार सुबह रेलवे कर्मचारियों ने रेलवे ट्रैक के बगल शव पड़े होने की सूचना दी थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतक की उम्र करीब ५५ वर्ष बताई जा रही है। प्रथम दृष्टया वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था। आशंका है कि रात में किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई होगी। पुलिस शव की पहचान कराने के साथ ही घटना की परिस्थितियों की जांच कर रही है।



पीएम श्री विद्यालय बरसैता में सम्मानित होने वाले खिलाड़ी।

विद्यार्थियों और रसोइयों को बांटे फल, प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी सम्मानित

पीएम श्री विद्यालय बरसैता में सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित

मेजारोड (प्रयागराज)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के २५ वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को मेजा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिवसेना की प्रांतीय सचिव रुचि तिवारी ने पीएम श्री विद्यालय बरसैता में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही करीब ३३० विद्यार्थियों और विद्यालय की पांच रसोइयों को फल वितरित किये गये।

रुचि तिवारी ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शनि, आदित्य, समीर निषाद, अदिति, अंशिका और अनन्य को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों के कोच अनिकेत जायसवाल और प्रधानाध्यापिका सौम्या सिंह को भी सम्मानित किया गया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय पाती में भी विद्यार्थियों को फल वितरित किये गये। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। मुख्य अतिथि अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव राजेश पटेल 'बुलबुल' ने विद्यार्थियों को समय का महत्व बताते हुए उपलब्ध शैक्षिक अवसरों का सदुपयोग करने और मेहनत से पढ़ाई करने की अपील की। अध्यक्षता प्रधान राधे राम निषाद ने की और संचालन अशोक तिवारी ने किया।

शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी ने सेपक टकरा, तीरंदाजी और तैराकी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। इस मौके पर मनोज कुमार, संदीप केशरवानी, अनिल द्विवेदी, शिवपूजन पटेल, श्यामलाल पाल, नसीमा खातून, राघवेंद्र प्रसाद द्विवेदी सहित शिक्षक, अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

स्कूल से लौट रहे दो छात्रों को डंपर ने मारी टक्कर, घायल

पचदेवरा (प्रयागराज)। करछना थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरी ग्राम सभा में एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहां अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से स्कूल से घर लौट रहे दो मासूम छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे में दोनों बच्चों के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार, एसबीबीएम बरव विद्यालय में कक्षा तीन में पढ़ने वाले दो सगे भाई शनि कुशवाहा और पिंटू कुशवाहा पुत्र विकास कुमार कुशवाहा विद्यालय की छुट्टी के बाद दोपहर करीब १:२० बजे पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मार्ग से गुजर रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने दोनों छात्रों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बच्चे सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गये।

चीख-पुकार सुनकर दौड़े स्थानीय ग्रामीणों एवं राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायल बच्चों को आनन-फानन में उपचार के लिए रामपुर अनंत स्थित अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। घटना की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल आते-जाते समय बच्चों की सड़क सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्रामीण सड़कों पर अनियंत्रित गति से दौड़ने वाले भारी वाहनों के चलते आए दिन निर्दोष लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग पर भारी वाहनों की गति सीमा नियंत्रित करने और जिम्मेदार चालकों पर कठोर वैधानिक कारवाई करने की मांग की है।

छत से गिरकर घायल किसान की दो दिन बाद मौत

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मऊदोस्तपुर गांव में नवनिर्मित मकान की छत से गिरकर घायल हुए किसान सीताराम पटेल (५७) की बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गयी। हादसे के दो दिन बाद हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद देर रात रसूलाबाद घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

जानकारी के अनुसार, सीताराम पटेल पुत्र स्व. अलगू राम पटेल चार अक्तूबर को अपने नवनिर्मित मकान की छत पर चढ़कर निर्माण कार्य देख रहे थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नीचे जमीन पर गिर गये। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजन उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची मऊआइमा पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने देर रात रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार किया। सीताराम पटेल के तीन पुत्र अमित कुमार पटेल, शिवम पटेल और अंकित पटेल हैं। पति की मौत से पत्नी सुनंदा देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

NOTICE

This is to formally inform that I, Suhani, D/o Ram Singh, resident of Malak Harhar Phaphamau Soraon, Prayagraj hereby declare that my father's correct name is RAM SINGH. In my ICSE Marksheet records, my father's name has inadvertently been mentioned as AJAY PRAJAPATI. Which is Incorrect. my father's correct name is RAM SINGH. So the Correct name is recorded in my school record.



जिला पंचायत अध्यक्ष डा. बीके सिंह के आवास पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

विकसित भारत बनाने में गांवों की भूमिका महत्वपूर्ण-केशव

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया कस्बा स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष डा. बीके सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्ष २०४७ तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मीडिया से बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इसे जनभागीदारी से साकार किया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। गांव, किसान, युवा, महिलाएं, गरीब और श्रमिक सहित सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बुनियादी सुविधाओं और ग्रामीण विकास पर भी सरकार का विशेष ध्यान है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में गांवों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस के बूते विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश और प्रदेश को विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

कोरांव पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

कोरांव (प्रयागराज)। कोरांव पुलिस ने बुधवार को न्यायालय एसीजेएम प्रयागराज से जारी वारंट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बड़ोखरा गांव निवासी टिंकू सिंह उर्फ सूरज सिंह पुत्र महिपाल सिंह को सुबह करीब १० बजे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अग्रिम विधिक कारवाई पूरी की।

पुलिस के अनुसार आरोपित न्यायालय में विचाराधीन मामले में वारंटी चल रहा था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपक राजपूत, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह और कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल रहे।

गवाह ने फर्जी मुकदमे में फंसाने का लगाया आरोप

मेजारोड (प्रयागराज)। वर्ष २०१९ में दर्ज जानलेवा हमले के मुकदमे में वादी और गवाह रहे चंद्र मोहन सिंह ने राजनीतिक द्वेष के चलते खुद को फर्जी मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जिस मामले में पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिस्तौल बरामद की थी, उसी मामले में गवाही देने के कारण अब उन्हें लगातार निशाना बनाया जा रहा है। चंद्र मोहन के मुताबिक, वर्ष २०१९ में उन पर जानलेवा हमला करने का प्रयास हुआ था। मामले में अपराध संख्या ७७८ के तहत धारा ३०७, ४५२, ५०४ और ५०६ समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उनका दावा है कि पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से पिस्तौल बरामद की थी और उन्हें जेल भेजा गया था। मुकदमे में योगेश्वर उर्फ बाबा, योगेश कुमार, जिलाजीत गौतम, संगीत गौतम के दो भाई व पिता समेत कई लोगों के नाम शामिल थे। आशीष, सूरज और हरिशंकर निवासी पनासा समेत पांच अज्ञात लोगों को भी आरोपित बनाया गया था। चंद्र मोहन का आरोप है कि अब संगीत गौतम उर्फ बंसीधर की ओर से उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर एफसीआई सदस्य न होने और हाईकोर्ट से गलत तरीके से १० प्रतिशत पर गनर हासिल करने जैसे आरोप लगाये गये हैं। उन्होंने इन आरोपों को निराधार बताया है। लेटरहेड के दुरुपयोग और अवैध वसूली से जुड़े आरोपों को भी उन्होंने गलत बताया। उनका दावा है कि उनके खिलाफ करीब ३०० प्रार्थना पत्र अलग-अलग अधिकारियों को दिये गये। डीजीपी कार्यालय से लेकर प्रयागराज पुलिस कमिश्नर और स्थानीय पुलिस स्तर तक शिकायतों की जांच हुई, लेकिन जांच में वह दोषी नहीं पाए गये। चंद्र मोहन ने आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वेष के चलते उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने पुलिस और उच्चाधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि निष्पक्ष जांच से उनके खिलाफ लगाये जा रहे आरोपों की वास्तविकता सामने आ जायेगी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम कु0 फूला सिंह (KM. PHOOLA SINGH) पुत्री राम सुन्दरा सिंह है जो मेरे शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या- XXXX XXXX 4635 में मेरा नाम अंकिता देवी अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम फूला सिंह (KM. PHOOLA SINGH) पुत्री राम सुन्दरा सिंह के नाम से जाना एवं पहचाना जाय। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बंध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है। फूला सिंह पत्नी ओमकार सिंह निवासिनी - कटरा, इन्द्र कुंवर, ढेरहना, प्रतापगढ़ सिटी, जनपद प्रतापगढ़, उ0प्र0-230002

२०हजार का इनामी आरोपित गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा पुलिस ने मंगलवार देर रात घेराबंदी कर २० हजार रुपये के इनामी आरोपित रोहित यादव उर्फ दारा यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे तिगजा धरावल रोड के पास मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। आरोपित मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, रोहित यादव पर वादी के बेटे के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। इस मामले में १२ जुलाई २०२६ को मेजा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी न होने पर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर की ओर से आरोपित पर २० हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित करीब २५ वर्ष का है। बुधवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मेजा थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि आरोपित लंबे समय से फरार था। मुखबिर की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।



थाना कोरांव परिसर में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग।

किसानों की आंखों के सामने बर्बाद हो रही धान की फसल

फाफामऊ (प्रयागराज)। कटायी के लिए तैयार धान की फसल पर बारिश और तेज हवा ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। कई खेतों में धान की बालियां पानी में डूब गयी हैं तो कहीं पूरी फसल जमीन पर गिर गयी है। तैयार फसल को आंखों के सामने बर्बाद होता देख किसानों के सामने लागत निकालने और कर्ज चुकाने का संकट खड़ा हो गया है। फाफामऊ क्षेत्र के गौरा बारी, गोहरी, शिवपुर, मलाक हरहर, सुमेरी का पूरा आदि गांवों में धान की फसल बारिश से प्रभावित हुई है। किसानों के मुताबिक कटायी के समय हुई बारिश से खेतों में पानी भर गया, जिससे तैयार फसल भीगकर खराब होने लगी है। खेतों में नमी अधिक होने के कारण कटायी और मड़ाई का काम भी प्रभावित हो रहा है। किसान सतीश यादव, राजकुमार पटेल, विजय भारतीय, देवराज गुलाब राय सहित अन्य किसानों ने बताया कि उन्होंने उधार पैसा लेकर धान की खेती की थी। उम्मीद थी कि फसल बेचने के बाद कर्ज चुकाने के साथ बच्चों की पढ़ाई और परिवार की अन्य जरूरतें पूरी करेंगे। लेकिन बारिश के कारण फसल खेत में ही गिरकर खराब हो रही है। किसानों का कहना है कि तैयार फसल के नुकसान से कर्ज चुकाना मुश्किल होगा और अगली फसल की तैयारी के लिए भी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

नायब तहसीलदार को दी भावभीनी विदाई

कोरांव (प्रयागराज)। तहसील कोरांव में बुधवार को सेवानिवृत्त हुए नायब तहसीलदार राममूर्ति का विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपने कार्यकाल के दौरान अधिवक्ताओं और फरियादियों के बीच सरल व्यवहार और कार्यशैली के चलते लोकप्रिय रहे राममूर्ति को अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं ने भावभीनी विदाई दी। इसी दौरान तहसील में कार्यरत एसीओ अशोक कुमार को शासन की ओर से नायब तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार मिलने पर उनका स्वागत भी किया गया। अध्यक्षता बार के साथ अध्यक्ष राम बहादुर सिंह ने की, संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता जीके सिंह ने किया। इस मौके पर एसडीएम टीपी सिंह, तहसीलदार अनिल यादव, नायब तहसीलदार रणविजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह मौजूद रहे।

सूचना

मेरा बी.टी.सी. बैच 2014 पासिंग वर्ष 2017 प्रथम सेमेस्टर वर्ष 2016 अनुक्रमांक 21110281, द्वितीय सेमेस्टर वर्ष 2016 अनुक्रमांक 21210322, तृतीय सेमेस्टर वर्ष 2017 अनुक्रमांक 217110118, चतुर्थ सेमेस्टर वर्ष 2017 अनुक्रमांक 21410292 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। आदित्य चन्द्रकान्त पुत्र मोती चन्द नि. बलिया उ.प्र.

आज का मुहूर्त

दिनांक- ८ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन कृष्ण पक्ष
तिथि- त्रयोदशी रात्रि ०९.५३ तक उपरान्त चतुर्दशी
वार- गुरूवार
नक्षत्र- पूर्वा फाल्गुनी रात्रि १०.०२ तक उपरान्त उ, फा,।
योग- शुक्ल रात्रि में ०२.३९ तक उपरान्त ब्रह्म
राशि- सिंह रात्रि ०३.५९ तक उपरान्त कन्या
सूर्योदय- ०६.११ बजे
सूर्यास्त- ०५.४९ बजे
राहुकाल- दिन में ०१.३० से ०३ बजे तक
भद्रा- रात्रि में ०९.५३ से
मुहूर्त- मासान्त दोष होने से कोई मुहूर्त नहीं है।
विशेष- प्रदोष व्रत, त्रयोदशी श्राद्ध, मास शिवरात्रि व्रत।

आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

कोरांव (प्रयागराज)। थाना कोरांव परिसर में बुधवार को आगामी त्योहारों नवरात्रि एवं विजयादशमी (दशहरा) को सकुशल और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी (एसडीएम) टी.पी. सिंह ने की।

बैठक के दौरान एसडीएम टी.पी. सिंह ने उपस्थित धर्मगुरुओं, पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिकों से संवाद करते हुए पर्वों को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ प्रशासन सख्ती से निपटेगा। साथ ही सभी से शासन की गाइडलाइंस का पालन करने की अपील की गयी। इस मौके पर एसीपी बृजेश पाठक, प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह के अलावा डीसीपीसी सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

सूचना

सर्वविदित हो कि मेरे पुत्र अलतमश अब्बास के जन्म प्रमाणपत्र पंजी0 सं0 ANN 2016-06971 दिनांक 07.04.2016 है जिसमें मेरा नाम महशर अब्बास एवं पत्नी का नाम श्रीमती शीबा फातिमा त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है जबकि आधारनुसार मेरा नाम मैशर अब्बास एवं पत्नी का नाम शीबा है जो सत्य व सही है। अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र में हम दोनों के सही नाम दर्ज कर इसी नाम से जाना पहिचाना, पढ़ा समझा जाए। मैशर अब्बास पुत्र-एहसान हैदर निवासी-336ए/408 पूरा मनोहर दास अकबरपुर प्रयागराज

युवती को बंधक बनाकर दुराचार का आरोप, तीन पर केस दर्ज

महाराष्ट्र के नासिक ले जाकर कमरे में रखने का आरोप, पीड़िता का बयान दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने एक युवक और उसके दो साथियों पर अपहरण कर महाराष्ट्र ले जाने और वहां करीब २० दिनों तक बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। युवती ने मुख्य आरोपित पर शादी का झांसा देकर दुराचार करने तथा तीनों पर मारपीट, गालीगलौज और आभूषण ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पीड़िता का बयान दर्ज कराया और उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

पीड़िता के मुताबिक उसकी पहले से दूसरे गांव के एक युवक से जान-पहचान थी। आरोप है कि युवक ने उससे शादी का वादा किया था। १३ जुलाई की शाम करीब पांच बजे वह घर के पास थी, तभी आरोपित युवक अपने दो साथियों के साथ पहुंचा और उसे जबरन चारपहिया वाहन में बैठा लिया। विरोध करने पर मुंह दबाने का आरोप है। युवती के मुताबिक आरोपित उसे प्रयागराज शहर की ओर ले जाने के बाद महाराष्ट्र के नासिक ले गये।

आरोप है कि नासिक में उसे एक कमरे में करीब २० दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान मुख्य आरोपित शादी करने की बात कहकर उसके साथ दुराचार करता रहा। युवती के मुताबिक किसी तरह वह वहां से निकलने में सफल हुई, लेकिन रास्ते में आरोपितों ने उसे फिर पकड़ लिया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि दोबारा पकड़े जाने के बाद उसके साथ गालीगलौज और मारपीट की गयी तथा जान से मारने की धमकी दी गयी।

मोबाइल में मौजूद फोटो और वीडियो नष्ट करने के साथ ही सोने का लॉकेट, पायल और झुमकी ले जाने का भी आरोप लगाया है। बुधवार शाम थाने पहुंची युवती की महिला कांस्टेबल ने वीडियोग्राफी के साथ बयान दर्ज किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विकास कुमार पटेल, नितेश कुमार पटेल और एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद महिला कांस्टेबल पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल लेकर गयी।

प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपितों की तलाश में पुलिस टीम लगी है।



आंधी के दौरान मेजारोड-डोरवा मोड़ मार्ग पर गिरा विशालकाय नीम का पेड़।

आंधी में सड़क पर गिरा विशालकाय नीम का पेड़

मेजारोड-डोरवा मोड़ मार्ग पर घंटों बाधित रहा गमनागमन, जेसीबी से हटाया गया पेड़

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा तहसील क्षेत्र में बुधवार शाम आयी तेज आंधी के चलते मेजारोड-डोरवा मोड़ मुख्य मार्ग पर विशालकाय जंगली नीम का पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से मार्ग पर गमनागमन पूरी तरह ठप हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण विकास द्विवेदी टिंकू, बुल्ले कुशवाहा और युवा नेता राजाबाबू ने तत्परता दिखाते हुए जेसीबी मंगवाई। काफी मशक्कत के बाद सड़क पर गिरे विशालकाय पेड़ को हटाया गया। पेड़ हटने के बाद मार्ग पर वाहनों का गमनागमन दोबारा शुरू हो सका।

मार्ग बाधित होने के दौरान वाहन चालकों और राहगीरों को काफी देर तक परेशानी झेलनी पड़ी। सड़क खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाकर मार्ग खुलवाने वाले लोगों का आभार जताया।

PUBLIC NOTICE

I, Sandhya Patel, W/o Ravi Pratap Singh, R/o EWS House No. EC 54, Naini Awas Yojna, Tehsil-Karchhana Prayagraj, hereby declare that the sale deed registered dated 30.08.2001 Book No. 1 Khand No. 163, Pages No. 151 to 160, S.N. 2637. Registered in office of Sub Registrar Karchhana Prayagraj in the name of Mr Harbhajan Singh s/o Shri Devi Dayal Singh Related to the property EWS House No. EC 54 Naini Awas Yojna Tehsil Karchhana, Prayagraj. has been lost. A FIR No. 20260001048519 dated 07.10.2026 at Police Computer Center, Technical Services HQ, Lucknow has been lodged for this missing Sale Deed. I wish to create charge for availing home loan form State Bank of India RACPC Prayagraj (15488). If anyone has any claim towards the said relevant property, the same should be lodged with me/us and also with the above stated branch of State Bank of India, within 15 days from publication of this notice.

तालाब में मछली पकड़ने गया युवक डूबा

तलाश में जुटी एसडीआरएफ टीम

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा थाना क्षेत्र के चोरबना गांव में बुधवार शाम तालाब में मछली पकड़ने गया युवक गहरे पानी में डूब गया। सोनाई गांव निवासी विकास भारतीय (२६) शाम करीब चार बजे तालाब में उतरा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गये।

सूचना पर रामनगर चौकी प्रभारी अभिनव उपाध्याय पुलिस टीम के साथ पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। काफी देर तक तालाब में खोजबीन की गयी, लेकिन शाम सात बजे तक विकास का कोई सुराग नहीं मिल सका। चौकी प्रभारी ने बताया कि तालाब काफी गहरा है और उसमें पानी भी अधिक है। युवक की तलाश के लिए जिले से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गयी है। टीम के पहुंचने के बाद खोज अभियान तेज किया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल है।



मंडल चैंपियन उरुवा की पीटी टीम के साथ शिक्षक।

मैजिक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के महरौंडा गांव निवासी ई-रिक्शा चालक मुबारक अली उर्फ जलेबी (६०) की बुधवार को सड़क हादसे में मौत हो गयी। जमखुरी ईदगाह के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार मैजिक ने उनके ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मुबारक अली को परिजन इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने मैजिक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को कब्जे में ले लिया है। बताया गया कि मुबारक अली बुधवार सुबह ई-रिक्शा लेकर धान लेने के लिए जमखुरी जा रहे थे। जैसे ही वह जमखुरी ईदगाह के पास पहुंचे, सामने से आ रही मैजिक ने उनके ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें निजी साधन से प्रयागराज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर महरौंडा गांव पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े बेटे अख्तर अली की तहरीर पर सिकंदरपुर बरडीहा निवासी मैजिक चालक शिकम पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मैजिक को सीज कर दिया है।

भारतीय लोक कला महासंघ की बैठक में लोककलाओं के संरक्षण पर जोर

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा पूरेगोविंद ई में बुधवार को प्राचीन शिव मंदिर बाबा बेलनाथ परिसर में भारतीय लोक कला महासंघ की बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता हरिलाल दास ने की। बैठक में महासंघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लोककलाओं के संरक्षण और कलाकारों को उचित मंच उपलब्ध कराने पर चर्चा की। मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश चंद्र यादव ने कहा कि लोककलाओं को जीवित रखना आज बड़ी चुनौती बन गया है। बैठक में जिला सचिव संजय कुमार यादव, ब्लाक सचिव उमा चरण यादव, राजेश श्याम भारतीय, धर्मेंद्र कुमार, हरिलाल दास, शीतला प्रसाद बिंद, सुशील कुमार बिंद, बंसीलाल, फूलचंद बिंद, जीत नारायण पाल, श्याम बहादुर, दिलीप कुमार, राम कृपाल मौजूद रहे।

उरुवा की पीटी टीम ने लगातार दूसरी बार जीता मंडल खिताब

मेजारोड (प्रयागराज)। उरुवा ब्लाक की पीटी टीम ने लगातार दूसरी बार मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में मंडल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

संविलियन विद्यालय ओनोर के बच्चों ने प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रयागराज ने सर्वाधिक ६५९ अंक अर्जित कर ओवरआल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। फतेहपुर २८८ अंक के साथ दूसरे और प्रतापगढ़ २५९ अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा।

मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मंडलायुक्त डा. लोकेश एम. ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

इसके बाद उरुवा की पीटी टीम ने अतिथियों के समक्ष आकर्षक प्रस्तुति दी।

मंडलायुक्त ने टीम के प्रशिक्षक एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त पूर्व शिक्षक राजनारायण प्रजापति तथा प्रधानाध्यापक अखिलेश द्विवेदी को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। समापन समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। उरुवा के खंड शिक्षा अधिकारी वरुण मिश्रा के निर्देशन में शिक्षक नेता विनोद शुक्ला तथा एआरपी अजीत मिश्रा और प्रमोद शुक्ला पूरे समय बच्चों के साथ मौजूद रहे। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से उरुवा की टीम ने लगातार दूसरी बार मंडलीय प्रतियोगिता में चैंपियन बनने की उपलब्धि हासिल की।

टीम की सफलता पर बीईओ वरुण मिश्रा, शिक्षक नेता विनोद शुक्ला, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष विनोद मिश्रा सहित शिक्षकों और ग्रामीणों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

नैनी में कल निकलेगा कर्ण घोड़ा जुलूस

सार्वजनिक रामलीला कमेटी की तैयारियां तेज, ११ से २०तक होगा रामलीला मंचन

नैनी (प्रयागराज)। सार्वजनिक रामलीला कमेटी काटन मिल नैनी की ओर से इस वर्ष भी परंपरागत कर्ण घोड़ा जुलूस ९ अक्टूबर को निकाला जायेगा। शुक्रवार शाम पांच बजे रामलीला प्रांगण से साज-सज्जा के साथ जुलूस रवाना होगा। आयोजन को लेकर कमेटी की ओर से तैयारियां तेज कर दी गयी हैं।

यह जानकारी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने बुधवार को अभिनंदन गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि नैनी में पिछले १३ वर्षों से ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यम से रामलीला का मंचन कराया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष रामलीला का मंचन ११ से २० अक्टूबर तक होगा।

इसके बाद २१ अक्टूबर को राम दल शोभायात्रा (दशहरा) और २२ अक्टूबर को भरत मिलाप कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। अध्यक्ष ने बताया कि कर्ण घोड़ा जुलूस रामलीला प्रांगण से निकलकर पीएसी कालोनी, चक भटाही, काटन मिल तिराहा, शंकर ढाल, नैनी बाजार, स्टेशन रोड, हनुमान नगर, मेवालाल की बगिया और न्यू सब्जी मंडी होते हुए पुनः रामलीला परिसर पहुंचेगा। जुलूस में विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल होंगी।

कलाकार झांकियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रेस वार्ता में समर बहादुर सिंह, लक्ष्मी नारायण तिवारी, राजन शुक्ला, हरिकृष्ण तिवारी (बबलू), नामित पार्षद दिलीप केसरवानी, गुरु प्रकाश राव उर्फ बुलबुल राव, बृजेश सिंह, शशि भूषण, धर्मराज पटेल सहित कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय A-1, आफिस कम शॉपिंग काम्पलेक्स, चन्द्रशेखर आज़ाद नगर योजना, (मेंहदौरी), तेलियरगंज, प्रयागराज
E-Mail :-emoald@upavp.com

पत्र सं0-Memo प्रयागराज/दिनांक-06/10/2026

नामान्तरण हेतु नोटिस प्रकाशनार्थ

परिषद की झूँसी योजना संख्या-3, प्रयागराज में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या-10/196 कार्यालय पत्र संख्या-2583 दिनांक 03.05.1992 द्वारा श्री अब्दुल रहमान पुत्र स्व0 तजई को आवंटित था। जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 22.06.2006 को परिषद द्वारा आवंटी के पक्ष में निष्पादित की जा चुकी है। श्री अब्दुल रहमान ने उक्त भवन को श्रीमती सरला सिंह पत्नी श्री संजय कुमार सिंह को विक्रय कर दिनांक 22.06.2006 को रजिस्ट्री कर दिया। तत्पश्चात श्रीमती सरला सिंह ने उक्त भवन को पुनः श्रीमती प्रियंका योगेश सिंह पत्नी श्री योगेश सिंह के पक्ष में विक्रय कर दिनांक 07.12.2020 को रजिस्ट्री कर दिया है। जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय फूलपुर प्रयागराज के बही संख्या-1, जिल्द संख्या-8315 के पृष्ठ संख्या-269 से 290 पर क्रमांक 9787 दिनांक 07.12.2020 को पंजीकृत है। आवेदिका श्रीमती प्रियंका योगेश सिंह ने अवगत कराया है कि आवंटी/विक्रेता श्री अब्दुल रहमान एवं श्रीमती सरला सिंह को बहुत ढूँढ़ा पर वर्तमान में उनका कुछ पता नहीं चल रहा है कि वह भवन विक्रय कर कहां चले गये हैं। आवेदिका द्वारा बैनामे के आधार पर उक्त भवन संख्या-10/196 का नामान्तरण अपने पक्ष में कराने हेतु आवेदन किया है। उक्त भवन का नामान्तरण करने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इसकी लिखित सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर साक्ष्य सहित कार्यालय में आपत्ति दाखिल करें। निर्धारित अवधि के अन्दर आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त सम्पत्ति का नामान्तरण श्रीमती प्रियंका योगेश सिंह के पक्ष में बैनामे के आधार पर कर दिया जायेगा, तत्पश्चात् किसी का दावा मान्य नहीं होगा।

अन्तरण के उपरान्त यदि कोई वाद विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगी। अन्तरण हेतु श्रीमती प्रियंका योगेश सिंह ही उत्तरदायी होंगी।

(नरेश कुमार)
सम्पत्ति प्रबन्धक